प्रार्थना अनुभूति सागर

ੴ

अदना सेवक

जगदीश चन्द्र खुराना

अनुक्रम अंक 3

1 पुस्तक लिखने का उदेश्य, प्रेरेणा-स्त्रोत, आशीर्वाद अंक 6

पुस्तक पढ़ने ग्रहण करने से पुर्व निवेदन

2 प्रार्थना किसे कहते है? अंक 7

3 प्रार्थना कितने प्रकार की होती हैः? अंक 8

4 प्रार्थना कैसे करें ? अंक 9

5 प्रार्थना के लिये कैसा वातावण होना चाहियेः ? अंक 11

6 क्या प्रार्थना प्रभु का द्वार है? अंक 12

A प्रथम दौर (चरण) अंक 12

B दूसरा दौर (चरण) अंक 13

C तीसरा दौर (चरण) अंक 13

D चौथा दौर (चरण) अंक 14

E पाँचवा दौर (चरण) अंक 14

7 प्रार्थना की पराकष्ठा के लिये किन परिस्थितियों का परिनियोजन किया जाना जाहिये? अंक 15

8 प्रार्थना की स्वीकृती के लक्षण अंक 16

9 कई बार प्रार्थना बार बार करने पर भी मंजूर न होने का कारण क्या है? अंक 20

10 जब निर्धारित प्रार्थना स्थल पर किसी कारणवश नहीं पहुँच सकते तब प्रार्थना कैसे करें? अंक 21

11 प्रार्थना के क्या लाभ हैं? अंक 21

12 प्रभु आमने सामने दिखाई क्यों नहीं देता ? अंक 22

12a खुदा को दरकार अंक 23

13 क्या आध्यात्मवाद की राह पर बढने के लिये गुरू को अपनाना आवश्यक है? अंक 24

14 क्या प्रार्थना के लिये गुरू का अपनाना आवश्यक है ? अंक 24

15 कुछ संत फकीर सिमरण धन गुरू नानक और अन्य ओम नमो शिवायः का सिमरण करने की सलाह देते है, क्या अपनाना चाहिये? अंक 25

16 प्रभु के रूप व स्वरूप में क्या अन्तर है? अंक 25

17 क्या स्व-अनुभूति का प्रसाद संगत में बाँट सकते हैं? अंक 26

18 आध्यात्मिक राह का दौराहा अंक 26

19 प्रार्थना के सूत्रधार अंक 28

20 भावनाओं का पुल अंक 35

21 भक्त भगवान और फकीर के रिश्ते अंक 35

22 प्रार्थना भावनाओं का सैलाब अंक 35

23 प्रार्थना का रुप और स्वरूप	अंक 36
24 प्रभु से अंन्तरमन संवाद	अंक 39
25 जन मानस का र्दद	अंक 40
26 प्रभु का रूहानी संदेश	अंक 40
27 प्रभु से नज़दकियों की लौह	अंक 42
28 वास्वतिकाओ का आंगन	अंक 43
29 प्रभु को दरकार	अंक 44
30 प्रभु और फकीर का अंन्तरभेद	अंक 45
31 मन का मोबाइल	अंक 46
32 निराकार ,साकार और मुर्ति का अंन्तरभेद	अंक 48
33 प्राण प्रतिष्ठा और मन प्रतिष्ठा	अंक 48
34 मन मन्दिर का हवन सामग्री	अंक 49
35 प्रार्थना के बाधक तत्व	अंक 49
36 ज्ञान	अंक 51
37 मौज दे मसीहा	अंक 52
38 निर्णय न ले पाने की स्थिती	अंक 53
39 मन के बगीचे के फूल	अंक 53
40 प्रभु का मानसिक धन्यवाद	अंक 54
41 मुर्ति और मुकट का हार	अंक 55
42 तीसरी आँख	अंक 56
43 प्रार्थना के माध्यम से जानिये तीसरी आँख के नज़ारे	अंक 56
44 स्व-अनुभूति प्रसाद को बाटँना	अंक 59
45 सिमरण	अंक 60
46 सेवा	अंक 60
47 स्वमंथन	अंक 62
48 परमप्रावादिता	अंक 63
49 रहमतेप्रसाद	अंक 63

50 प्रार्थना का दायरा अंक 67
51 प्रार्थना की सोच अंक 67
52 खुदा के पास पहुँचने की कुंजी अंक 68
53 धूर की बाणी अंक 69
54 प्रार्थना और रेकी अंक 71
55 मंगला-चरण विमोचन अंक 73
56 पुस्तक की मांग अंक 74

नोटः

1 यह अनुभूति प्रसाद प्रभु की छत्रछाया में साध संगत की सेवा करते मिला है। प्रभु ने अब अनुभूति प्रसाद को साध संगत की झोली में डालने को कहा है।

नोटः2 इस अनुभूति प्रसाद का स्वरूप साधक की ग्रहणशीलता पर निर्भर करेगा जो भिन्न भिन्न साधकों का भिन्न भिन्न भी हो सकता है।

नोटः3 इस के प्रेरेणा-स्त्रोत हैं ईलाही फकीर बाबा अजीत सिहं जी जिन्हों ने मुझे साध संगत की सेवा डेरा बाबा बड़भाग सिंह की छत्रछाया में बिठा कर दी और सेवा के गुर सिखाये और गुरू नानक देव जी की लोच की लौह मेरे दिल में जलायी जिस से मैं तालमेल रख कर इस राह पर बढ़ता गया और अनुभूति प्रसाद की

बरखा लगातार होती गई। साध संगत का धन्यवाद करने के लिये मेरे पास कुछ भी नहीं है सिवाय मन के बाग में सजाये फूलों के जो मैं आप के माध्म से प्रस्तुत कर रहा हूँ। कृपया स्वीकार करें।

<u>निवेदन</u>

लेखक साध संगत का मानसिक धन्यवाद करना चाहता है जिन के सहयोग और साथ की बदौलत इसे साध संगत को रूहानी तोहफे के रूप में भेंट करने का अवसर मिला , इन एकत्रित अनुभूतियों का लाभ लेने के लिये मानसिक एकरूपता और भावनात्मक मिलान कर ग्रहनशीलता बना कर पढ़े ,लाभ मिले गा। लेखक यह सुझाव देना चाहे गा कि आप अनुभूति सग्रह के रूप में पढें,पुस्तक के रूप में नहीं। इस अनुभूति सग्रह को अचानक कही से खोले और आप का ध्यान जिस अध्धाय की ओर जाये केवल उसी अध्धाय को पढ़े और मंथन करे कि यह आप की अनुभूतियों से मेल खाता है या नहीं, इस से रूहानियत की रफतार में वृधि हो गी।

1 <u>प्रार्थना किसे कहते है</u>?

प्रार्थना प्रभु को व आध्यात्मिक गुरू व किसी भी ईलाही फ़कीर को अपने मन मंन्दिर में आस्था ,श्रद्धा और विश्वास के पात्र में मन के बगीचे में सजायी भावनाओं के सुगन्धित फूलों के साथ सीधे समर्पित की जाती है। यह बिन बोले भाव व बोले भाव भी हो सकते है। ऐसा देखा गया है कि प्रार्थना की कोई भाषा,परम्परा, विधि या प्रक्रिया नहीं होती, केवल भाव तथा उस के बीच तरंगों का मिलन और समर्पण के सूत्र एक-दूसरे से जुडे होते हैं जिन्हे प्रभु को सीधे समर्पित

किया जाता है । बिना बोले भावनाओं के साथ की गई प्रार्थना अधिक प्रभावशाली होती है क्योंकि यह प्रभु और साधक के बीच की निकटता और रिश्तों की माला है जो साधक प्रभु को सीधे समर्पित करता है, इस प्रार्थना का परिणाम होता है प्रभु का आशीर्वाद और साधक की इच्छा पूर्ति । कई साधक निशान साहिब व विशेष स्थल पर भी प्रार्थना करते हैं उन की प्रार्थना तुरन्त स्वीकार होती पाई गई है। साधक की इच्छा रूहानी ,सांसरिक व आर्थिक

भी हो सकती है। सहज भाव में की गयी प्रार्थना की इस दुनिया में कोई काट नहीं होती, कोई तन्त्र यंन्त्र व मन्त्र इसे नहीं काट सकते, प्रार्थना सब से ऊँची है। प्रभु को प्रार्थना कभी भी, कहीं भी कर सकते हैं। प्रार्थना प्रभु की छत के नीचे (आकाश) तरू तले ,सैर करते हुए, यात्रा करते हुए, लय की लौह में भी हो सकती है। प्रार्थना में शब्द नहीं होते केवल भावनाओं का सैलाब होता है, जिस में साथ क्षद्धा ,आस्था एवं समर्पण तथा अन्तरमन की मांग की ललक जुड़ी होती हैं।

2 <u>प्रार्थना कितने प्रकार की होती है</u>?

1 स्वेछित प्रार्थना 2 व्यक्तिगत प्रार्थना 3 विशेष प्रार्थना 4 जनहित प्रार्थना 5 सामूहिक प्रार्थना

सामूहिक प्रार्थना करते समय पहले ऐसे शब्दों का प्रयोग करें जिस से साध संगत प्रभु से जुड सके और उपस्थित सभी साधकों मे मानसिक एकरूपता उद्धित हो सके।

मानसिक प्रार्थना

प्रभु को दुनिया के किसी स्थान से, कहीं भी की जा सकती है, मानसिक प्रार्थना का कोई निश्चित स्थान, समय,प्रार्थना प्रक्रिया ,अवधि व भाषा नहीं होती ।

सामुहिक प्रार्थना की स्वीकृति का मूल मन्त्र है कि दूसरे की भलाई के लिये की गई प्रार्थना , यह प्राय: कारगर होती है पर स्वयं के लिये की गई प्रार्थना बहुत बार कारगर नहीं होती क्योकि उस में निस्वार्थ भाव की कमी रह जाती है , मन में एकरूपता की कमी रह जाती है।

1 प्रत्येक प्रकार की प्रार्थना में सहज और समर्पित भाव ही प्रदर्शित हो।

2 प्रभु को बिन बोले भावों का समर्पण और मन मंन्दिर के बाग में सजाये सुगन्धित फूलों का प्रभु को सीधा प्रस्तुतीकरण

3 अपने मन की इच्छा पूर्ति की स्थिती और सकारात्मक प्रार्थना में मानसिक मिलान

3 <u>प्रार्थना कैसे करें?</u>

प्रार्थना करने के सूत्रधार हैं ,

1 साधक के मन में उपजे भाव

2 मन का शुद्धीकरण, वैर, द्वेष, इर्षा से मुक्ति। अहं और द्वेष ऐसे खट्टे आचार के टुकड़े हैं जो कई बार बिन बुलाये जीवन में प्रवेश कर लेते हैं और साधक के मन की स्थिती को तहस-नहस कर देते हैं।

3 प्रभु और साधक के बीच की निकटता और सीधे रिश्ते

4 सहज और समर्पित भावनाओं में निखार

5 साधक प्रार्थना के किस दौर से गुज़र रहा है (परिपक्वता की स्थिती)

6 साधक प्रार्थना को स्वयं कर रहा है या अन्य किसी व्यक्ति के

माध्यम से करवा रहा है।

7 प्रार्थना का रूप और स्व-इच्छा के उदगार जब इस के मिश्रित रूप सहज और समर्पित भाव मे प्रार्थना

प्रस्तुत की जाये तो प्रार्थना तुरन्त स्वीकार्य होगी।

उपर बताये गये सूत्रों को मन की पोटली बना कर प्रार्थना करें।

के रूप में प्रस्तुत करें।

8 प्रार्थना में सहज ज्ञान, स्व-अनुभूति और समर्पण भाव साधक के मानक मंन्त्र है। प्रार्थना करते समय मन के द्वार खोल कर भावनात्मक तरंगों से प्रार्थना करे ,मुँह से ,भाषा के भाध्यम से बोल कर न करें भावनात्मक प्रार्थना प्रभु तुरन्त स्वीकार होती है।

9 आध्यात्मवाद सहज ज्ञान की अनुभुति से उपजा महासागर है । इसे ज्ञान और धर्मवाद का मिश्रण मानकर ज्ञान स्वीकार कर लेना आध्यात्मवाद के विरूद्ध है।

10 शब्दों पर लगाम भावनाओं में समुदर और उदगारों में लहरें प्रार्थना की नींव है।

11 जब प्रार्थना की आवाज़ एवं उद्गार ध्वनि में परिवर्तित हो जाये तो यह प्रार्थना के सुरों का रूप ले लेते हैं।

12 जब प्रार्थना करते समय स्वयं की अनुभूति खत्म हो जाये तब प्रार्थना में यह प्रभु की निकटता को दर्शाता है ।

13 प्रभु से प्रार्थना करते समय अपने मन के दरवाजे खुले रखें, मन पर किसी प्रकार का दबाव व घेराबन्दी न करें ।

14 प्रार्थना के लिये कैसा वातावण होना चाहिये?

प्रार्थना के समय मन को एकाग्रित कर के प्रार्थना रखें इधर ऊधर मन को विचलित न होने दे। आप का मन प्रभु की दरगाह है। खुदा कब, कहाँ, किस रूप में मिल जाये, इसे उस का एक अजूबा ही समझो। यह खोज की परिधि से परे है। कई बार भजनकर्ता और प्रभु की भजनों द्वारा स्तुति सकारात्मक स्थिती बनाने मे सहायक होती है।

यह भी अनुभव किया गया है कि एक छोटे बच्चे द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना तुरन्त स्वीकार होती है क्योंकि इस में किसी प्रकार की मिलावट नहीं होती।

5 <u>क्या प्रार्थना प्रभु का द्वार है</u>?

सहज और समर्पण भाव में प्रस्तुत प्रार्थना प्रभु के निकट पहुँचने का द्वार है। प्रार्थना प्रभु दर्पण की नींव है । जब प्रभु का द्वार आगे से बन्द हो तो आप प्रभु के पास पिछले द्वार से प्रवेश कर सकते हैं इसे प्रार्थना द्वार कहा जाता है। प्रभु का द्वार बन्द होने के कारण कई हो सकते हैं, सब से बडा कारण प्ररमपरावादियों का जमावडा और बाधा डालना होता है। अब तक मिले अनुभवों के अनुसार प्रभु तक पहुँचने हेतू पाँच दौरों से गुज़र कर जाना पडता हैं। कुछ साधक इसे प्रार्थनाकर्ता की मानसिक स्थिती का दर्पण भी कहते हैं। इसे साधक की प्रार्थना के चरणपग भी कहा जाता है।

1 प्रथम दौर (चरण)

प्रार्थना के प्रथम चरण की शुरूआत साधक के जीवन में किसी गुरू, फकीर, माता पिता व अनजान व्यक्ति की प्ररेणा के माध्यम से हो सकती है।यह प्रभु के द्वारा अपने अन्दर जाग्रित संदेश व स्वविवेक से भी हो सकती है।यह किसी स्थान पर एकत्रित रूहानी लगाव के प्रियजनो के माध्यम से हो सकती है। इस दौर में साधक को प्रभु की मौजुदगी का एहसास होता है।

2 दूसरा दौर (चरण)

इस दौर में प्रभु के साथ जुडाव लगने लगता है और कुछ क्षणों के लिये लौ जुड जाती है और फिर कुछ ही क्षणों में लय टूट जाती है। साधक की चाहत होती है कि यह लौ टिकाऊ बन सके। इस दौर में लगाव प्रभु से स्वमं बन जाता है और स्वतः ही टूट जाता है। यह मंदिर, मसजिद, गुरूद्ववारे या ऐकान्त मे भी हो सकता है। यह सामुहिक प्रार्थना के माध्यम से भी हो सकता है।

3 तीसरा दौर (चरण)

इस दौर में साधक प्रभु से निकटता की अवधि को बढ़ाना चाहता है। और प्रभु के उस स्वरूप को देखते रहना चाहता है जिस से प्ररेणा मिली।

यह स्वरूप गुरू नानक देव जी, शिव जी ,मां भगवती या अन्य कोई स्वरूप भी हो सकता है।

कई बार साधक के चाहने पर व बार बार प्रभु से हाथ जोड कर आग्रह करने पर भी टिकाउ नहीं रहता। कई बार प्रभु स्वयं प्रकट हो जाते है कही भी। यह साधक की मनोस्थिती पर निर्भर होता है।

4 चौथा दौर (चरण)

इस दौर में साधक प्रभु से प्रार्थना में समर्पण के माध्यम से निकटता मांग करता हैं और प्रभु के अपने साथ रहने की फरियाद लगाता है चाहे वह कोई भी स्थान हो या साधक प्रभु की लै मे लीन सैर कर रहा हो गाडी चला रहा हो या बस या ट्रेन या हवाई ज़हाज में बैठा सफर कर रहा हो प्रभु को अपने अंगसंग देखना तथा साथ चाहता है। साधक की प्रार्थना सार्थक और सकारात्मक परिणाम मिलते हैं वह खुशी से फूला नहीं समाता।

5 पाँचवा दौर (चरण)

अभी तक अनुभूति से प्राप्त अनुभवों में अंतिम चरण है। इस दौर में साधक प्रभु को सदा हर क्षण कुछ भी करते हुए अपने साथ रखना चाहता है कि हर क्षण वह प्रभु से विचार विमर्श कर के आगे बढता रहे। साधक और प्रभु एक दूसरे के मित्र और साथी बन जाते हैं। साधक जब चाहे जिस रूप में चाहे प्रभु के दर्शन कर पाता है। कई बार प्रभु से होनी को अनहोनी में बदलवा सकता है। इस दौर में साधक की स्थिती एक फ़कीर की बन जाती है और रिश्ते आध्यात्मिक और रूहानी रंग के बन जाते हैं। साधक जहाँ कहीं चाहे प्रभु से मिल सकता है।

6 <u>प्रार्थना की पराकष्ठा के लिये किन परिस्थितियों का परिनियोजन किया जाना जाहिये?</u>

प्रार्थना में परिपक्वता लाने हेतु 5 दौरों से गुज़रना पड़ता है। प्रार्थना करते समय अपने ध्यान व उद्देश्य को विकेन्द्रित न होने दें प्रार्थना स्वयं करने पर अधिक प्रभावशाली होती है क्योकि किसको कितना दर्द है यह वह ही जान सकता है, अन्य नहीं,दर्द है वही जानता है अन्य प्रार्थनाकर्ता उतना दर्द नहीं महसूस कर

सकता ।प्रार्थना के द्वारा प्रभु को अपनी इच्छों का प्रकटीकरण करे। आप के आसपास अन्य साधक खडा है इस का एहसास

मन में मत होने दो।

7 <u>प्रार्थना की स्वीकृती के कुछ लक्षण इस प्रकार</u> हैः

कई बार प्रार्थना करते समय कुछ लक्षण महसूस किये जाते हैं और कई बार कुछ भी उस समय महसूस नहीं होता, बाद में

पता लगता है कि महसूस किये गये कुछ लक्षण इस प्रकार अनुभव किये गये जब भी आप प्रार्थना करते है और आप मानसिक रूप से सहज समर्पण भाव मे प्रार्थना प्रभु को समर्पित कर रहे हैं, किसी स्थान पर हो चाहे वह मन्दिर, मसजिद,गुरूद्वारे चर्च व अज्ञात स्थान हो आप दिव्य मुर्ति के सामने खडे हो अथवा एकान्त में हो तो आप

(i) एक विशेष प्रकार की महक महसूस करेगें जो आप को आनन्दमयी बना देती है ।

(ii) कई बार मानव दिव्य ज्योति जला फर समर्पित भाव मे प्रार्थना करते हुए टकटकी लगा कर भक्त दिव्य ज्योति मे देखता रहता है, तब दिव्य ज्योति मे कई बार उसे उस दिव्य रूप का वह प्रतिबिम्ब दिखाई देता है जिस की साधक आराधना करता है ।

(iii) कई बार दिव्य ज्योति के पीछे काली तलहटी पर दिव्य मूर्ति का स्वरूप दिखाई देता है जिसकी उस के मन में परिकल्पना है । कई बार यही

स्वरूप भिन्न भिन्न साधकों / व्यक्तियों को भिन्न भिन्न दिखाई देता है । यह स्वरूप समर्पित भावनाओं के अनुसार बदलता भी रहता है ।

(iv) कई बार दिव्य ज्योति का स्वरूप व आकार भी बदलता रहता है, कई बार दिव्य जोत दो या तीन दिव्य ज्योतियों मे बदल जाती है ।

(v) कई बार दिव्य ज्योति के स्वरूप बार बार बदलते रहते हैं ।

(vi) कई बार किसी को कोई रूप दिखाई देता है अन्य को कोई और दिखाई देता है ।

(vii) कई बार दिव्य मूर्ति के समुख्य खड़े हो प्रभु को एक लोटे में दूध या जल ले कर अभिषेक करना चाहते हैं तो लोटा स्वतः कांपने लगता है ।

(viii) कई बार जब आप दिव्य मूर्ति के समुख्य खड़े हो आराधना कर रहे हैं तो दिव्य मुर्ति से प्रकाश की किरणें निकल कर आपकी ओर आती हैं और आप को रोमान्चित कर देती हैं ।

(ix) कई बार यह किरणें दिव्य मूर्ति के हाथों से निकल कर आती हैं और कई बार यह किरणें नाभी से निकल कर आती हैं ।

(x) कभी कभी इस दिव्य मूर्ति स्वरूप किसी मन्दिर, गुरूद्वारे

के गुम्बद पर भी दिखाई देती है, कई भक्तो को दिखाई नहीं देती ।

(xi) कई बार एकान्त व विरान खडी ईमारत पर भी दिखाई देती है ।

(xii) कई बार निशान साहिब जी के उपरी भाग व अन्य किसी भाग मे जलती दिव्य ज्योति के रूप मे भी दिखाई देती है ।

(xiii) कई बार निशान साहिब के उपरी भाग मे दिव्य मूर्ति स्वरूप मे भी दिखाई देती है ।

(xiv) कई बार शान्त वातावरण मे नाद के स्वर सुनाई देते हैं ।

(xv) कई बार मन्दिर की घन्टियां स्वतः बजने की आवाज सुनाई देती है।

(xvi) कई बार दिव्य मूर्ति एक या कई बार दोनों हाथ ऐसी दिशा मे दिखाई देते हैं कि आप को आशीर्वाद मिल रहा हो ।

(xvii) कई बार जब आप निशान साहिब के सामने खड़े हो कर प्रार्थना करते हैं तो आप की फैलाई झोली मे अचानक फूल, सिंदूर या अन्य कोई चीज़ आ कर गिर जाती है, यह प्रभु का आशीर्वाद है ।

(xivii1) प्रार्थना की स्वीकृति पर प्रभु का मानसिक धन्यवाद

करना मत भूले ।

(x1x) कई बार आप सो रहे हैं या आप किसी स्थान पर खड़े हैं जहाँ आप के सामने प्रभु या ईलाही फकीर की कोई फोटो टंगी है तो आप देखते हैं कि फकीर की मूद्रायें समय समय पर परिवर्तन होती रहती हैं । कभी वह आप को आशीर्वाद देती दिखाई देती हैं कभी गुस्से की मुद्रा मे दिखाई देती है।कभी आप ईलाही फकीर की आँखों की ओर देखते है और आप की आँखे दो चार होती हैं तो आप उस में कोई सन्देश

आता हुआ महसूस करते हैं:

1 बच्चू ! तू किधर फिरदां है ज़रा मेरे कोल ते आ।

2 बच्चू ! मैं ता तेरे बगैर ओदर गया हां।

3 बच्चू ! अज रज रज गलवकडियां पान दा जी करदां है।

4 बच्चू ! कि सोचदा हैं?

(xx) कई बार आप सी सी टी वी पर निशान साहिब की ओर देखते है तो आप निशान साहिब पर ईलाही फकीर व प्रभु का प्रतिबिन्ब दिखाई देता है, साधक के मन की स्थिती को आप देख सकते हैं और साधक और बीच की तरंगों की भी देख सकते हैं।

8 <u>कई बार प्रार्थना बार बार करने पर भी मंजूर न होने का कारण क्या है</u>?

बहुत बार प्रार्थना करने पर आप प्रार्थना को प्रार्थना के रुप में नहीं करते। प्रार्थना करते समय अपने भावों, उद्देश्य का केन्द्रीकरण नहीं कर पाते। कई बार प्रार्थना करते समय आप का मोबाइल बज जाता है तब आप का ध्यान प्रार्थना से टूट कर मोबाइल की ओर खिच जाता है। कई बार कोई आप को कोई बुला रहा तो आप का ध्यान प्रार्थना से टूट कर उस की ओर चला जाता है। कई बार कोई आस पास खड़ा मोबाइल पर बात कर रहा है या किसी अन्य से बात कर रहा है तो आप की रूची उधर ज्यादा हो जाती है और प्रार्थना रास्ते में ही टूट जाती है। कई बार आप प्रार्थना कर रहे है और कोई परिवार का सदस्य बुला लेता है आप की प्रार्थना रास्ते में ही टूट जाती है। कई बार बार बार एक ही तरह की प्रार्थना करने पर कई बार प्रार्थना प्रभु स्वीकार नही करते कयोंकि प्रार्थना की स्वीकृति साधक के हित में नहीं है या प्रार्थनाकर्ता की लौ उन के मन में प्रज्वलित नही है। ऐसी स्थिती में प्रार्थना को कुछ समय के लिये विराम दे फिर कुछ दिन बाद फिर लय बना कर प्रार्थना करें।

9 <u>कई बार प्रार्थना बार बार करने पर भी मंजूर न होने का कारण क्या है</u>?

अन्तर-विरोधी प्रार्थना, प्रार्थना नहीं होती क्योकि इस मे किसी का अहित प्रार्थनीय होता है । नाकारत्मक प्रार्थना कभी मत करें।

10 <u>जब निर्धारित प्रार्थना स्थल पर किसी कारणवश नहीं पहुँच सकते तब प्रार्थना कैसे करें?</u>

प्रार्थना के लिये कोई स्थान भाषा या दिन निश्चित नहीं , जब मन की स्थिती अच्छी हो करें।जब कभी एक निश्चित स्थान पर पँहुच कर प्रार्थना करना चाहते हैं और आप किसी कारणों वश आप वहाँ

जब आप किसी निश्चित समय व स्थान पर आप नहीं पहुँच सकते तो आप जहाँ कहीं भी है ,वही से सहज और समर्पित भाव में प्रार्थना करें । प्रार्थना आवश्य स्वीकार होगी। प्रार्थना के लिये समय पर न पहुँचने के कारण को भी प्रार्थना में स्पष्ट करें।

11 <u>प्रार्थना के क्या लाभ हैं</u>?

प्रार्थना के माध्यम से आप अपनी सभी दुखों दर्दों व कठिनाईयों का निवारण कर सकते हैं । भावनात्मिक प्रार्थना आप को प्रभु के निकट ला सकती है।

1 प्रार्थना ज्योतिष शास्त्र के सांकेतिक परिणामों को बदल सकती है।

2 जीवन मे सब से बहूमुल्य हैं वे क्षण जब मानव के तार प्रभु से जुडे होते हैं उन क्षणों का बिना देरी प्रयोग करे ।

3 प्रार्थना आप को आप के जीवन के उदेश्य तक ले जाने में सहायक होती है।

12 प्रभु आमने सामने दिखाई क्यों नहीं देता ?

प्रभु मानव से छिपा क्यों रहता है फिर भी हमारे अन्दर आत्मा के रूप में रहते हुए भी हमे दिखाई नहीं देता । प्रभु का स्वरूप तो मान्यता के अनुसार दिखाई देता है। प्रभु का रूप आत्मा की तरह है । आत्मा जिस तरह हमारे

अन्दर रहते हुए भी हमे दिखाई नहीं देती । जब आत्मा शरीर

छोड कर जाती है तो हम आत्मा की उपस्थती का आभास कर पाते है । इसी प्रकार हवा के झोको का एहसास हम कर सकते है पर आँखों से देख नहीं पाते। ऐसे ही हम प्रभु को आमने सामने नहीं देख पाते । परन्तु करोडे में विरले विरले प्रभु को सीधे मिल पाते हैं।

खुदा को दरकार

ज़रा सामने ते आ बेलिया! छुपने में क्या राज़

किधर ढूंढू ,इधर ,उधर या सब ओर

प्यारे! किधर ढूंढूता हैं ज़रा अपने अन्दर तो देख

साहिब जी !क्या करू मुझे दरवाज़ा ही नहीं मिल रहा

बच्चू! पिछले दरवाजे तो आ जा ,मैं ते हाँ ओदर गया

ऐह दरवाज़ा तां तेरे लैयी सदा खुला रहदा है

इस पिछले दरवाज़े तो लंघ के आ जा

मेरे कोलों होर देरी बरदश्त नही कीती जाँदी

जल्दी जल्दी दौडदे दौडदे आ जा प्यारे !

रज रज गलवकडियां पान दा जी करदा है

किस तरां काहां बियान कर सकदा नही ,रिहा जादा नहीं मैं कि करां।

13 <u>क्या आध्यात्मवाद की राह पर बढने के लिये गुरू को अपनाना आवश्यक है</u>।

आप का गुरू कोई भी रूहानी व्यक्ति हो सकता है। कई लोग प्रभु को ही सीधा ही अपना गुरू मान लेते हैं। कई लोग प्रभु को अपना गुरू नहीं मानते क्योकि उन्होने प्रभु के दर्शन साक्षात रूप में नहीं किये। आप का गुरू अनजान राहगीर भी हो सकता है वह देखने पर आप को जान लेता है या समय सीमित वार्तालाप से आप को पहचान लेता है। कई लोग प्रभु को निराकार रूप मे स्वीकार करते है। निराकार रूप मे प्रभु को स्वीकारना प्रभु की उपस्थति को दर्शाता है।

14 <u>क्या प्रार्थना के लिये गुरू का अपनाना आवश्यक है</u> ?

इस का उत्तर जानने से पूर्व यह जानना आवश्यक है कि

1 गुरू की भूमिका, भक्त को प्रभु के निकट पहुँचाने मे क्या है।

2 कौन गुरू हो सकता है और उस में क्या गुण होते हैं ?

3 गुरू का प्रभु और भक्त के बीच क्या रिश्ता होता हैं?

4 क्या गुरू का ज्ञानी होना आवश्यक है

5 क्या प्रार्थना गुरू का मूल मंत्र है या नहीं ?

प्रभु, पहुँचे गुरू और भक्त के बीच का रिश्ता भावनात्मक तरंगों से जुडा होता है।पहुँचा हुआ गुरू ,एक फकीर भी हो सकता है। एक फकीर की पहचान उस के चोगे, वेषभूषा से नहीं होती।इस के लिये देखने पडते हैं उस के हावभाव और मानंसिक वृत्ति ।एक सच्चा गुरू या फकीर अगर उस का भक्त व शिष्य विदेश मे भी उसे याद कर रहा है तो उस की प्रार्थना स्वीकार कर लेता हैं।गुरू का पढ़ा लिखा और किताबी जानकार होना आवश्यक नहीं , रूहानी अनुभूतियों की जानकारी और प्रभु के निकट होना आवश्यक है।

15 <u>कुछ संत फकीर सिमरण धन गुरू नानक और अन्य ओम नमो शिवायः का सिमरण करने की सलाह देते है, क्या अपनाना चाहिये</u>?

यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप की गुरू पर कितनी आस्था और विश्वास है। मेरी नजर में पाठ ,सिमरण और सेवा एक ही चीज़ है।

16 <u>प्रभु के रूप व स्वरूप में क्या अन्तर है</u>?

प्रभु का रूप, आकार व स्वरूप है व निराकार व अनेक आकार वाला है। प्रभु

का रूप करोडे में कोई कोई देख पाता है क्योकि प्रभु और साधक के बीच कितनी एकरूपता और अन्तरमन की लै जुडी हुई है। प्रभु का स्वरूप एक ऐसा प्रतिबिन्ब है जिसे उस ने मन में संजोया है।यह प्रतिबिन्ब साधक की अपनी आस्था श्रद्धा और विश्वास के अनुसार होता है। कई साधकों को एक ही स्थान पर कोई स्वरूप दिखाई देता है और अन्य साधक को उसी स्थान पर अन्य स्वरूप दिखाई देता है। कई भक्त प्रभु को पहाडों की शिखाओं पर

भी देख लेते हैं, कई भक्त प्रभु को घने जगलों के पेडों पर भी देख लेते है, कई भक्त प्रभु को मंन्दिर गुरूद्वारे या किसी भी विरान पड़ी ईमारत पर भी देख पाते है। कई भक्त प्रभु को निशान साहिब के उपरी भाग में भी देख पाते है। कई भक्त जिन की लौ प्रभु के साथ जुडी होती है आकाश पर नज़र डालते है तो उन्हे आकाश में प्रभु का स्वरूप दिखाई देता है। कई भक्त प्रभु का स्वरूप घने बादलों में भी देख पाते है। कई भक्तजन एक देश मे होते है और प्रभु को किसी अन्य देश य स्थान पर भी देख पाते हैं।

17 <u>क्या स्व-अनुभूति का प्रसाद संगत में बाँट सकते हैं?</u>

स्व-अनुभूति का प्रसाद केवल उन्ही लोगे मे बांटे जिन की मनोस्थति में एकरूपता हो ताकि इस की बेअदबी न हो। यह आप की अमुल्य निधि है।

आध्यात्मिक राह का दौराहा

आध्यात्मिक राह पर चलते चलते कई बार साधक ऐसे दौराहे पर पहुँच जाता है जहां से राह दो ओर जाती है और मानव यह निर्णय नहीं ले पाता वह किस ओर जाये

1 जब साधक प्रम्परावादी मार्ग की ओर बढता है तो उसे राह में मिलते हैं मंत्र , सामग्री , हवनकुड और पुस्तकें जिस से आगे बढने मे अपनी मंजिल भूल जाता है मंत्र और प्रक्रियों के दौर में अपना जीवन लगा देता है।

2 जब साधक गैरपरम्परावादी मार्ग की ओर बढता है तब राह में चमन के फूलों की ओर देखता रहता है और इन चमन के फूलों को मन-मन्दिर के

खेत मे उगा लेता है और उस की चाहत होती है कि अपनी मंजिल पर पहुँचने पर सब से पहले यह फूल प्रभु को स्वयं अपने हाथो से दे किसी बिचौलिये की ओर से नहीं, जब प्रभु इसे स्वीकार करते हैं तब साधक का हृदय गदगद हो जाता है. खुशी से झूम उठता है कि उदेश्य की मंजिल मिल गई।

3 कई बार साधक दौराहा को ही अपनी मंजिल समझ लेता है और साधक के जीवन में ठहराव आ जाता है और आगे नही बढ पाता।

4 कई बार साधक पुस्तकों से पढी जानकारी प्रवचनों व टी वी पर सुने हूए व्याख्नों की जानकारी को ज्ञान समझ लेता हैं, वास्तव में यह ज्ञान नही जब तक इस मे स्व-अनुभूति न मिली हो, जानकारी को ज्ञान समझने के चक्कर

मे वह अहम के चंगुल में फस जाता है और प्रभु को खोज का विषय मान कर आगे नही बढ पाता और वही एक बिल मे फस जाता हैं। प्रभु खोज का विषय नही प्रभु शास्वत है , अनंत तथा सर्वव्यापक है। प्रभु के अनेक स्वरूप हैं। प्रभु हमे दिखता क्यो नही इस से प्रभु खोज का विषय नही बन सकता। प्रभु को मिलने के लिये प्रभु, गुरू और साधक की भावनात्मक तरंगे में जुडाव तथा एकरूपता का होना आवश्यक है।

प्रार्थना के सूत्रधार

1.खुदा अथवा फकीर से मिली रहमत का कोई मूल्य नहीं होता ।

2. सहज भाव में की गयी प्रार्थना की कोई काट नहीं होती, कोई तन्त्र यंन्त्र व मन्त्र इसे नहीं काट सकते, अन्तरविरोधी प्रार्थना के भाव इसे नहीं काट सकते ।

3. रहमत की दात प्रभु से सीधे, किसी फकीर, अन्जान राहगीर के माध्यम से भी प्राप्त हो सकती है ।

4. बहुत बार मानव अपने उपर अहम की चादर ओढ़ लेता है और उस मे से अहं की बदबू आती है और प्रभु उसे अपने पास नहीं फटकने देते ।

5. प्रार्थना प्रभु दर्पण की नींव है ।

6. प्रार्थना का आनन्द लेने हेतु जब कोई भी फूल,फल, अमृत, दूधव प्रसाद प्रभु को आर्पित करना चाहते हैं तो ऊन्हें अपनी झोली मे रख प्रभु को सहज एवंम समर्पण भाव में प्रार्थना करे ताकि आप का ध्यान विकेन्द्रित न हो और सांसारिक वस्तुओं की ओर आकर्णित न हो और आसपास खड़े व्यक्तियों की उपस्थिति आप के मन से मिट जाये ।

7. बार बार प्रभु से एक ही मांग न करें इस से प्रार्थना मे परम्परावादिता आ जाती है और मांग प्रभु तक नहीं पहुँचती और भावनात्मक सम्बन्ध टूट जाता है । प्रार्थना मे वास्तविक झलक गायब हो जाती है, प्रभु की निकटता को दूरियों में बदल देती है, जिस से उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती, ऐसी स्थिती मे मन में कुछ समय के लिये विराम दे ताकि

परम्परावादिता प्रार्थना से दूर हो जाये और प्रार्थना की स्वीकृति में सुगमता हो ।

8. प्रार्थना करते समय अपने ध्यान व उद्देश्य को विकेन्द्रित न होने दें ।

9. जब प्रार्थना करते समय स्वमं की अनुभूति समाप्त हो जाये तो वह प्रार्थना की चर्म सीमा है ।

10. प्रभु को प्रार्थना समर्पित भाव में करें, जल्दी न मचायें । इससे परम्परावादिता आ जाती है, और भावों की उपस्थिति आप के मन से मिट जाती है ।

11. सहज और समर्पण भाव मे प्रभु को समिर्पत प्राथर्ना ग्रहो की चाल और ढाल को बदल सकती है ।

12. तन्त्र यन्त्र और मन्त्र प्रार्थना का विकल्प नहीं हैं, प्रार्थना इन सब से उपर है क्योकि प्रार्थना की तरंगों का सबन्ध प्रभु से सीधा जुड़ा होता है।

13.कई बार प्रार्थना के माध्यम से रहमते-प्रसाद किस्तों में मिलता है क्यो कि प्रार्थनाकर्ता प्रार्थना के किस दौर से गुज़र रहा है यह उस की स्थिती पर निर्भर करता है जिस की आधारशीला प्रार्थनाकर्ता की उस समय की मानसिक स्थिति होती है ।

14. प्रस्पर अन्तर-विरोधी प्रार्थना वास्तव में प्रार्थना नहीं है, कई बार प्रार्थना का दुरूपयोग माना जाता है ।

15. जबआप सांसारिक दायित्वों में उलझे हों और विशेष प्रार्थना स्थल पर नहीं पहुच सकते तब वही से प्रार्थना की स्तिथि बना कर प्रार्थना करें ।

16. कई प्रार्थनाकर्ता कुछ कर कोई मांग नहीं करनी

चाहिये क्यो कि वह सब जानते हैं, प्रभु हमारे परमपिता हैं और हम कुछ भी मानसिक स्थिति के आधार पर मांग सकते हैं ।

17. जब आप का मन आहत हो तब प्रार्थना न करें क्यो कि प्रार्थना में एकरूपता नहीं होती ।

18. प्रार्थना की कोई समय सीमा व आवधि नहीं होती जब चाहों तब पाओं ।

19 प्रभु का प्रसाद के लिये अपने हाथ प्रभु की ओर फैलाने पर और मन के किवाड खुले रखने पर और मानसिक प्रार्थना में जो चाहे, मिलता है ।

20. प्रभु को प्रार्थना के लिये किसी निश्चित स्थान, मन्दिर, मसजिद गुरदुवारे व चर्च में होना आवश्यक नहीं है । आप प्रभु की छत के नीचे भी अर्थात आकाश के नीचें ज़मीन पर खडे हुए प्रभु को प्रार्थना कर सकते हैं ।

21. प्रार्थना के उपरान्त प्रभु का शुकराना करना कभी मत भुले ।

22. प्रभु ! मेरे तन मन और भाव में अपने प्यार की ऐसी जोत जला दो जिस से साध सगंत की सेवा कर पाऊँ ।

23. प्रार्थना चलते फिरते जब आप की मानसिक अवस्था बनी हो कर सकते हैं । आप प्रार्थना गाडी मे सफर करते हुए अथवा हवाई जहाज़ में सफर करते हुए अथवा जंगल व पहाडो पर घुमते हुए भी कर सकते हैं ।

24. प्रभु के चरणों में समिर्पत भाव आस्था श्रद्धा एवमं विश्वास तथा इन सब में मिलन व एकरूपता प्रार्थना की निधि है ।

25. प्रभु ! आप कहां, हम कहां, कैसे हो मिलन ज़रा तो बता दो ।

26. प्रार्थना ज्योतिष्यशास्त्र के सांकेतिक परिणामों को बदल सकती है ।

27. प्रभु से मिली रहमत की दात की कोई छौह नहीं पा सकता ।

28. अन्तर-विरोधी प्रार्थना, प्रार्थना नहीं होती क्योकि इस मे किसी का अहित प्रार्थनीय होता है ।

29. मांग कर मिला रहमत का प्रसाद और बिन मागें मिला रहमत के प्रसाद में अन्तर होता है ।

30. प्रभु कौन है, कैसा दिखता है, उस से कैसै मिल सकते हैं इन सभी प्रश्नो का उतर है, सहज भाव मे प्रभु की ललक बनाये रख कर समर्पित प्रार्थना।

31. प्रभु ! मन की लकीरों को हम नहीं पढ़ सकते पर आप तो जानते हो हमें तो आप ने साध सगंत की आदों को जानने का तोहफा दिया है

उस से भी हम उन की मन की भावनाओं को कई बार नहीं जान सकते, कुछ तो ऐसा कर दो जिन से उन के मन में उन की छिपी चिन्तओं और आरजूओं को आप तक पहुचा सकें ।

32. प्रभु ! तेरे यहां क्या हो नहीं सकता ।

33. जब प्रार्थनाकर्ता किसी दिव्य मुर्ति या एकान्त में या चलते फिरते प्रभु को याद कर प्रार्थना करता है तो वह प्रार्थना का सही रूप है ।

34 शब्दों में भावनायें, भावनाओं में समुन्दर, समुन्दर में लहरें,

लहरों में तरगें, तरंगों में शक्ति, शक्ति में ऊर्जा, ऊर्जा

में प्यार और आसक्ति, प्यार में निकटता, निकटता में तुम और मैं ,फिर एक ।

35. प्रार्थना से प्राप्त अपने अनुभवों को अपने मन मन्दिर में सजो कर रखें और उन्ही लोगों में बांटे जिन की मानसिक स्थिति में इस की ग्रहनशीलता हो ।

36. सेवा की पगडंडियों पर चलते चलते प्रज्वलित होती है प्रभु प्रेम की जोत जिस की निकटता में मिलता है रहमते-प्रसाद ।

37. कई बार मन से की गई प्रार्थना इतनी बहुमूल्य होती है कि उसका अन्तरमन में मूल्य नहीं आंका जा सकता ।

38. किस को कितना दर्द है यह तो वह स्वयं ही जानता है, यह दर्द शारीरिक सांसारिक व अध्यात्मिक है, वह अच्छी तरह जानता है, इस दर्द की दवा भी उस के पास है परन्तु वह उस का प्रयोग करना नहीं जानता, इस दवा का नाम है प्रभु को सहज और निर्मल मन से समर्पण भाव में की गई प्रार्थना ।

39. कई बार जबआप ध्यान में साधनालीन हो आप प्रभु की दिव्यमुर्ति के सामने हो कर अथवा प्रभु की छत के नीचे अर्थात आकाश के नीचे एकान्त में अकेले खड़े हो कर प्रभु को प्रार्थना करते हैं तो कई बार प्रज्वलित जोत की किरणों आप की ओर आती दिखाई देती हैं और कई बार आंखें बन्द करने के उपरान्त खोलने और बन्द करने पर प्रभु के किवाड़ खुल जाते हैं और आप प्रभु के उसी रूप व स्वरूप को देख पाते हैं जिस की आप ने परिकल्पना की है।

40. स्वअनुभूति के आधार पर प्रार्थना इस दुनिया में सब से सशक्त बीज मंत्र है ।

41. प्रभु आया तो तेरे दर पे इस उम्मीद से कि कोई तो अपना है ।

42. प्रभु की निकटता की आसान सीढी है सहज और समर्पित प्रार्थना ।

43. सिमरण के समय प्रभु की निकटता का आनन्द लेते समय प्रभु को प्यार से नमन करे, आशीर्वाद मिलेगा ।

<u>भावनाओं का पुल</u>

1. प्रार्थना करते समय भक्त और प्रभु के बीच भावनात्मक पुल की भुमिका अहम होती है ।

2. कई बार प्रार्थना की तरंगों का मिलान क्षणिक होता है, उस का सदुपयोग करते हुए आगे बडे ।

3. प्रार्थना करते समय भक्त और भगवान मे भावनात्मक एकरूपता की भूमिका अहं है, किसी अन्य द्वारा उसी प्रार्थना स्थल पर प्रार्थना में व्यवधान न डालें, किसी अन्य की प्रार्थना रोक कर अपनी प्रार्थना करना व करवाना वास्तव में प्रार्थना नहीं ।

4. आप का मन प्रभु की दरगाह है ज़हा आपकी मुरादें पूरी होती हैं । भक्त भगवान और फकीर के रिश्ते

प्रार्थना करते समय भक्त और प्रभु के बीच भावनात्मक पुल का काम करती है , कई बार कोई फकीर भी सशक्त भुमिका का काम करता है ।

<u>प्रार्थना भावनाओं का सैलाब</u>

1. वास्तविक आध्यात्मवाद प्रभु मिलन की तरंग है जिस का स्वसगीत मन से निकल कर प्रभु तक सीधा पहुचता है । यह बाद मे अनुभव मे परिवर्तित हो कर जीवन का उद्देश्य बन जाता है ।

2. आध्यात्मवाद सहज ज्ञान की अनुभुति से उपजा महासागर है ।

3 आप का मन प्रभु की दरगाह है ज़हा आपकी मुरादें पूरी होती हैं ।

4. जब प्रार्थना की आवाज़ एवं उद्‌गार ध्वनि में परिवर्तित हो जाये तो यह प्रार्थना के सुरों का रूप ले लेते हैं ।

<u>प्रार्थना का रुप और स्वरूप</u>

1. प्रभु के स्वरूप के दर्शन कभी कभी, कहीं कहीं, कहीं वहीं साक्षात रूप में हो जाते हैं जिस के लिये कोई साधना भी नहीं करनी पडती ।

2. कोई भी व्यक्ति अपने को दूसरों से अधिक जानता है उस ने अगर कोई गलती की है अथवा गुनाह किया है तो भी वह जानता है, अगर कोई अगर कोई अच्छा काम किया है तो भी वह जानता है, और उस की दिशा व मापदण्ड से वह अच्छी तरह से परिचित है और प्रार्थना के माध्यम से प्रभु से परिवर्तन की मांग कर सकता है । प्रार्थना के माध्यम से गलती की क्षमा करने की मांग प्रभु माफ कर देते हैं।

3. पादशाह ! जोड दे मेरे दिल दीयां तारां अपने चरणां दे नाल ।

प्रार्थना का स्वरूप 1

प्रभु ! मै नहीं जानता प्रार्थना कैसे की जाती है पर आप तो मेरे दिल की आवाज़ और मुराद को जानते है कि मेरे दिल में क्या है,कृपया उसे ही मेरी प्रार्थना समझे, स्वीकार करें, धन्यवाद ।

प्रार्थना का स्वरूप 2

प्रभु ! मुझ से कहां, क्या गलती हुई मैं नहीं जानता पर आप तो जानते हो मुझे अपना समझ कर माफ कर दें, फिर गलती न करूँ

गा, यह साहस दे ताकि मै गलती दौराहू न ।

प्रार्थना का स्वरूप 3

आया तो हूँ इस दर पे इस उम्मीद से कोई तो अपना है जो सुनेगा मेरी फरियाद, कृपया, स्वीकार करें धन्यवाद ।

प्रार्थना का स्वरूप 4

साहिब ! तेरा शुक्रिया, तेरा शुक्रिया कैसे करूँ तेरा शुक्रिया ।

प्रार्थना का स्वरूप 5

प्रभु ! कैसे अपने मन की बात सब के सामने बताउँ ज़रा मेरे मन की लकीरों को स्वयं ही पढ़ लो और इसे मेरी इसे मेरी प्रार्थना समझ लो ।

प्रार्थना का स्वरूप 6

नज़रे-ईनायत

एक बार मौका ते दे दो

रज रज गलवखड़ीया पान दा जी करदा है

ऐसा रहमते-दीदार हो जाये,

जिस नाल कुछ मन दी गल कर लईये ,

कुछ मन दी गल सुन लईये

कूझ ऐसा कर दिओ महाराज़!

सकून ते सरूर दा ऐसा दीदार हो जाये

जिस दा रहमते-प्रसाद संगत विच वड़ सकिये

कुछ ऐसी ही दिल दी ख्वाहिश है प्यारे!

हुन ओह मौका कदो दिओगे

साहिबे-हजूर !

इस नज़रां दे रूहानी कैमरे विच

धन गरू नानक

अपने प्यार ते खुशबू दी ओह जोत जला दियो

जिस नाल असी तेरे दर ते झोली फैला खडी

संगतां दे मनां दी तस्बीर लै तुहाड़े

तक सीधी पहुचा सकिये

अस्सी तां तेरे दर दे भिखारी हां

सदरां ते ऊमंगां नाल,प्यार दी गोटी ते सेवा दी दरकार नाल

संगत ने सजाया है ऐह दिले-दरबार

एक वारी दिले-दरबार विच सजे रंगबरगे मन दे बगीचे वल

अपनी नज़रे-ईनायत नाल देख ता लौ

एहो छोटी जैयी फरियाद है साडी ज़रा ता कबूल करो

अदना सेवक

प्रभु से अंन्तरमन संवाद

1. **प्रभु ! संगत बार बार पुछतो है, महक कहां से आ रही है, महकदाता कहाँ छिपा है, क्या बताऊँ ज़रा आप स्वयं ही संगत को बता दो ।**
2. **किस तरां लवां ऊन्हां दिलां दी तस्बीर जिन्हां विच रब तू वसदा ।**
3. **बच्चू ! इन से पुछ कर बताओ कि मेरा कोई धर्म है, मै किस शरीर मे रहता हुँ, मेरा धर्म नहीं बता सकते तो मेरे नाम पर क्यो शोर मचाते हैं, नफरत फैलाते हैं और लडते हैं ।**
4. **प्रश्न: प्रभु ! इस दिल की हालत को तो देख लो ।**

उत्तर: बन्दे ! मुझे पकड कर कसाई को दे, उसे कहो कि मेरे शरीर के टुकडे कर इन लोगों मे बांट दे शायद इन्हे सकून मिल जाये । ये क्यों आपस में मेरे नाम से लड रहे हैं, मुझ से तो इन्हें ने बात तक नहीं की ।

जन मानस का र्दद

कहना तो चाहा बहुत कुछ सुनाना भी चाहा बहुत कुछ जन मानस र्दद का न कोई चोगा मिला न शब्दों को पुशाक मिली किस तरां सुनाऊ इस र्ददे-दिल की दास्तां किस तरां बताऊ र्ददे-दिल तेरे जहां में कोई सुनने वाला न मिला, किसी को सुनाया न गया। प्याला ही तो है जन मानस के दुख र्दद का छटक ही गया।

प्रभु का रूहानी संदेश

1. **प्रभु का मानसिक रूहानी सन्देश "हे मानव ! तुझे मैंने इस दुनियाँ में नंगा धड़ंगा और खाली हाथ भेज़ा है, कोई धर्म, जाति, सम्प्रदाय व अन्य कोई चोगा नहीं पहनाया, केवल इतना ही कहा कि तुम इस दुनिया में जा कर, दुनिया के किसी भी भाग में रहते हुए उन प्रियजनों की सेवा करो जो कई कारणों से मुझ तक नहीं पहुँच पाते और जिन को मेरी सहायता की आवश्कता है, सेवा करो बिना किसी भेदभाव के, अपने पूरे सामर्थ्य, साहस एवं योग्यता के आधार पर, अपने**

परिवार के दायित्वों को निभाते हुए, उन का पालन करते हुए, तुम्हें जब भी इस दुनियाँ के किसी भी कोने में रहते हुए, कोई कठिनाई व बाधा आये, तुम मुझे वही से प्रार्थना के माध्यम से भावनात्मक सन्देश भेजना अथवा सम्वाद स्थापित करना, मैं सारी कठिनाईयों, बाधाओं का निवारण करुगा । तुम मुझे जब चाहो जिस रूप मे चाहो मिल सकते हो, यह मेरी गारन्टी है" ।

2. बच्चू ! देखो तो ज़रा हाथ मे माला, माला पोटली मे,2 बच्चू ! ज़रा देख तांदिल खाली और लोगों को सिमरण का पाठ पढ़ा रहा है ।

3. बच्चू ! तू मेरी चिन्ता छोड , गुरू ते विश्वास रख ,ऊस दी रज़ा विच राज़ी रह, बाकी सब कम मेरा ।

4. बच्चू ! मेरा धर्म सेवा , तेरा कर्म सेवा , निकटता का मर्म सेवा ।

5. बच्चू ! कुछ लोग मेरी गद्धी लगाने पर ही मेरी उपस्थिती समझते हैं, कुछ लोग गद्धी को प्रार्थना स्थल समझते हैं और कुछ लोग मुझे जब चाहे जहां चाहे पाते है, ज़रा अज़मा कर के तो देखो ।

प्रभु से नज़दकियों की लौह

1. प्रभु, फकीर और मानव का कोई धर्म नहीं होता केवल रूहानियत की राह होती है जिस राह वह सभी संगी साथियों को ले कर जाता है ।

2. रब दी लौह दा कोई इक ठिकाना नहीं, रब दी लौह दी ज्योत बिचों निकली महक बहुत दूर दूर तक चाहे ,अन्चाहे राहां तो गुज़रदे होए किथे किथे ही पहुँच जांदी है, उस दी छोह भले ही इन्सान ना पा सके पर उस दी महक तो महरूम नहीं रह सकदा, प्रभु के महक का कोई अन्त या पारावार नहीं ।

2. प्रभु कब, कहां, किस रूप मे मिल जाये, इसे उस का एक अजूबा ही समझो, पर खोज में प्रभु नहीं मिलते ।
3. बच्चू !तू क्यो सोच रहिया हैं कि इतनी भीड़ बिचो धक्का मुक्की सहदा तुहाडे कोल मिलन आवा किस तरां, तू दूर खड़ा रह ते मैं तेरी प्यार दी गली बिचो लंघ के तेरे कोल आ रहिआ हां, मैं तां तेनू देखण लई ओदर गिआ हा, रज रज गलवखड़ीया पान दा जी करदा है , मैं तेरे कोल आ रहिआ हां, मैं तेरे मन दे विच सजाया रंग बिरंगे फूलां दा गुलदस्ता लै के प्यारी ते दूलारी साध संगत बिचँ इन्हां दी खुशबू विखेर दिया गां ते तेनू प्यार दी चाय दा प्रसाद जिना नू जिस तरां चाहे बडदा जा।
4. प्रार्थना करते समय कई बार आँसू स्वत: अवतिरत हो आते हैं ,जो प्रभु की निकटता का प्रतीक है खुशी के आँसू प्रसाद के आँसू हैं, गम के आँसू प्रभु से गिले-शिकवे को दर्शाते हैं ।

5. प्रभु ! अपने सेवक को कदू न बिसारियो । हमेशा साथ रहो जिसे मैं आप द्वारा दी दात को बाँटते समय जब चाहू अपने साथ पाऊँ ।

6 प्रभु ! हर घड़ी सेवक की लाज़ रखना, ताकि सेवक का मन कही भी विचलित न हो । अस्सी ते उन्हां रूहां दे पुजारी जिन्हां विच रब तू बसदा, अस्सी ते उन्हां द़रां दे भिखारी जिन्हां विच रब तू वास करदां ।

7 प्रभु के भक्त तो मिलते हैं परन्तु उन को जानने और पहचानने वाले होते हैं विरले विरले ।

8 भक्त के जीवन मे बहुमूल्य हैं वह क्षण जब भक्त के तार प्रभु से सीधे जुडे होते हैं ।

